भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 31
सोमवार, 29 नवम्बर, 2021/8 अग्रहायण, 1943 (शक)

'डिजि सक्षम' कार्यक्रम

31. श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः
श्री सुब्रत पाठकः
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः
श्री प्रतापराव जाधवः
श्री नारणभाई काछड़ियाः
श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः
श्री मनोज तिवारीः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ संयुक्त उद्यम में 'डिजि-सक्षम' कार्यक्रम शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है उक्त कार्यक्रम के मुख्य तथ्य या मुख्य विशेषताएं क्या है;

(ग) क्या सरकार का राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल के माध्यम से बुनियादी कौशल और उन्नत कंप्यूटिंग सहित डिजिटल कौशल के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार मौजूदा कोविड-19 महामारी से प्रतिकूल रूप से प्रभावित समाज के वंचित वर्ग को निःशुल्क प्रशिक्षण देने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) चालू वर्ष के दौरान उक्त कार्यक्रम के तहत स्वीकृत और जारी की गई निधियों का ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त कार्यक्रम के प्रशिक्षण से लाभान्वित होने वाले विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं की संख्या कितनी है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): जी हां, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के साथ भागीदारी की है और डिजिटल कौशल प्रदान करके युवाओं की नियोजनीयता बढ़ाने के लिए एक संयुक्त डिजिटल कौशल कार्यक्रम-डिजी सक्षम लॉन्च किया है, जो एक तेजी से बढ़ते हुए प्रौद्योगिकी संचालित युग में आवश्यक है। यह पहल बेहतर करियर के अवसरों के लिए डिजिटल कौशल हासिल करने हेतु ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं की सहायता करने के लिए सरकार के चल रहे कार्यक्रमों का विस्तार है। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं हैं: (i) रोजगार के लिए युवाओं को कौशल प्रदान करने के सरकार के त्वरित प्रयासों की सहायता करना; (ii) मानकीकृत पाठ्यचर्याओं और विषय सामग्री विकसित करना जो उद्योग की लगातार बढ़ती हुई मांगों को पूरा करने में सक्षम हों; और (iii) ज्ञान प्राप्ति और कौशल विकास के माध्यम से 'युवाओं' को 'कार्यस्थल के लिए तैयार पेशेवर' में बदलना।

इस कार्यक्रम के तहत, सेल्फ-पेस्ड लर्निंग, वर्चुअल इंस्ट्रक्टर लेड ट्रेनिंग मोड और इंस्ट्रक्टर लेड ट्रेनिंग मोड के माध्यम से एनसीएस रोजगार चाहने वालों को एक्सेल, एज़्योर, सिक्योरिटी फंडामेंटल्स और एचटीएमएल जैसे विभिन्न मुफ्त पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं। डिजी सक्षम कार्यक्रम समाज के वंचित समूहों से संबंधित अर्ध शहरी क्षेत्रों के रोजगार चाहने वालों को प्राथमिकता देता है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने कोविड-19 महामारी के कारण अपना रोजगार गंवा दिया है।

(ङ): भारत सरकार ने इस कार्यक्रम हेतु न तो कोई निधि अनुमोदित की है न ही जारी की है। तथापि, माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) अधिकार पत्र के माध्यम से निधियों का अंशदान किया है जिससे डिजिटल कौशलों पर रोजगार चाहने वालों को प्रशिक्षित कर सकें।

(च): उक्त कार्यक्रम के प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए युवाओं की कुल संख्या इस प्रकार है:

प्रशिक्षण के लिए आदिनांक पंजीकृत रोजगार चाहने वाले	13079
वर्चुअल इंस्ट्रक्टर लेड ट्रेनिंग मोड के माध्यम से प्रशिक्षित	2095
सेल्फ पेस्ड-लर्निंग के माध्यम से प्रशिक्षित	5897

*****